सिंह, डॉ. गोविन्द

इंडियन नेशनल कांग्रेस

निर्वाचन क्षेत्र- लहार (11)

पिता का नाम-	स्व. श्री ठा. मथुरा सिंह
जन्म तिथि-	01 जुलाई,1951
जन्म स्थान-	ग्राम वैशपुरा, जिला भिण्ड
वैवाहिक स्थिति-	विवाहित
पत्नी-	श्रीमती सुमन सिंह
संतान-	1 पुत्र ,1 पुत्री
शैक्षणिक योग्यता-	बी.ए., बी.ए.एम.एस.
व्यवसाय-	कृषि
अभिरुचि-	समाज सेवा
स्थायी पता-	मुकाम पो. लहार, जिला-भिण्ड (म.प्र.) दूरभाष-(07529) 252010 मोबाइल-9425109782 फ़ैक्स-(07529) 2521010 ई-मेल- govind.singh@mpvidhansabha.nic.in
स्थानीय पता-	ई-42, (45 बंगले) भोपाल (म.प्र.) दूरभाष-2440779

सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

1971-72 में पत्रिका सचिव एवं 1974-75 में शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय जबलपुर छात्र संघ के निर्वाचित अध्यक्ष. जबलपुर विश्र्वविद्यालय छात्र संघ कार्यकारिणी के सदस्य. 1979-82 में कृषि उपज मंडी समिति लहार के सदस्य. 1979-82 तथा 1984-85 में सहकारी विपणन संस्था मर्यादित लहार के निर्वाचित अध्यक्ष. 1984-86 में जिला सहाकरी भूमि विकास बैंक भिण्ड के निर्वाचित संचालक. 1985-87 में नगर पालिका परिषद्, लहार के अध्यक्ष. 1990 में नौवीं एवं 1993 में दसवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. जून 1994 से जून 1997 तक जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्र्वविद्यालय के संचालक मंडल के सदस्य. 1996-97, 1997-98 एवं 31 दिसंबर, 1998 तक विधान सभा की याचिका समिति के सदस्य. अप्रैल, 1997 से मध्यप्रदेश राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक के संचालक. सितंबर, 1997 में सहकारिता के अध्ययन हेतु इटली, जर्मनी, इंग्लैंड, स्विटजरलैंड, नीदरलैंड (हालैंड), आस्ट्रिया, फ्रांस, दुबई का दौरा. 1997 में उत्कृष्ट विधायक चुने गए. 1998 में ग्यारहवीं विधानसभा के सदस्य निर्वाचित एवं 6 दिसम्बर, 1998 से राज्यमंत्री, गृह तदनंतर 26 अप्रैल, 2000 से राज्यमंत्री, सहकारिता (स्वतरप्रभार) तथा 12 अगस्त, 2002 से मंत्री, सहकारिता विभाग रहे. 10 जनवरी, 2001 से 9 फरवरी, 2002 तक म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित के संचालक. 10 दिसंबर, 2001 से 2 जनवरी 2002 तक म.प्र. राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के संचालक. 28

मार्च, 2002 से म.प्र. राज्य सहकारी आवास संघ के अध्यक्ष. 5 अगस्त, 2002 से भारतीय राष्ट्रीय सहकारी आवास संघ, नई दिल्ली के संचालक. अक्टूबर, 2002 में आई.सी.ए. रीजनल असेंबली में भाग लेने हेतु सिंगापुर एवं "पार्लियामेंट ऑन पापुलेशन एंड डेव्हलपमेंट" की सातवीं जनरल असेंबली में भाग लेने हेतु चीन और हांगकांग की यात्रा. वर्ष 1995 से वर्तमान तक प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं वर्ष 2005 से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य. 24 मार्च, 2008 से वर्तमान तक म.प्र. कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष. सन् 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं कांग्रेस विधायक दल के मुख्य सचेतक रहे. सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. 2009 से 2011 तक सभापति लोक लेखा समिति विधानसभा. अप्रैल-मई, 2011 में भारतीय संसदीय संघ, मध्यप्रदेश शाखा के तत्वावधान में ग्रीस, स्पेन, आस्ट्रिया, स्विटजरलैंड, जर्मनी, नीदरलैंड, फ्रांस, यू.के. एवं यू.ए.ई. की यात्रा. वर्तमान में म.प्र. कांग्रेस कमेटी भोपाल के उपाध्यक्ष.

सन् 2013 में छठी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.